# बीसीपीएम एप्लीकेशन उपयोगकर्ता पुस्तिका

आशा और संगिनी प्रोत्साहन भुगतान एवं बीसीपीएम एमआईएस

# विषय सूची


मार्गदर्शिका का उद्देश्य ..... 2

1.प्रथम बार अपनी आईडी को कैसे पंजीकृत करें? ..... 3

2. पासवर्ड भूल जाने की स्थिति में क्या करें? ..... 4

3. मुख्य पृष्ठ (Home Page) को समझें ..... 5

4. प्रोफाइल एंट्री और अपडेट ..... 6

5. आशा और आशा संगिनी प्रोत्शाहन राशि मॉड्यूल ..... 7

6. बीसीपीएम द्वारा एप्लीकेशन में आशा एवं संगिनी वाउचर की एंट्री तथा प्रेषित कैसे करनी है? ..... 8

7. बीसीपीएम द्वारा एप्लीकेशन में आशा एवं संगिनी वाउचर की रिपोर्ट कैसे देखें? ..... 9

8. बीसीपीएम मासिक रिपोर्ट प्रणाली ..... 10

9. एमओआईसी द्वारा वेब एप्लीकेशन में सत्यापन की प्रक्रिया ..... 11

10. बीएएम द्वारा वेब एप्लीकेशन में सत्यापन की प्रक्रिया ..... 11

11. एप्लीकेशन से बाहर कैसे निकलें ..... 12

12. वेब एप्लीकेशन में किसी भी रिपोर्ट को देखने हेतु निर्देश ..... 13

# मार्गदर्शिका का उद्देश्य

उत्तर प्रदेश में लगभग 150,000 मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं जो (आशा)220 करोड़ की आबादी की विशाल संख्या को पूरा करते हैं। अनिवार्य मॉड्यूलर प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राप्त करने पर आशाओं को आशा संगिनी लगभग)7,500), ब्लॉक, जिला और क्षेत्रीय समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक ब्लॉक), जिला और क्षेत्र में एकऔ की एक स्तरित निगरानी (एक-र सहायक पर्यवेक्षण कैडर द्वारा समर्थित है, और राज्य समुदाय प्रक्रिया दल संख्या और एक पदानुक्रमित निगरानी प्रणाली में इसकी अंतर्निहित निगरानी और प्रबंधन चुनौतियां हैं, इन स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रेरणा और प्रदर्शन पर प्रत्यक्ष असर के साथ। सूचना संचार और प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का उपयोग प्रशासकीय, व्यवहारिक, व्यापार, संचार, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और डोमेन-विशिष्ट कार्यवाहियों को प्रबंधित और मानकीकृत करने में मदद करता है जो कि प्रोग्राममेटिक परिणामों को सुधारने में मदद करते हैं। बड़े भूगोल में फैले लाखों लोगों के लिए प्रभावी सेवा वितरण में सार्वजनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आईसीटी का प्रयोग भारत और विश्व स्तर पर साबित हुआ है।

एप्लीकेशन का उद्देश्य : आशा और संगिनी प्रोत्साहन भुगतान प्रक्रिया को डिजिटाइज करने के लिए वेब और एंड्रॉइड आधारित अनुप्रयोग को विकसित और कार्यान्वित करके, समुदाय प्रक्रिया टीम को प्रभावी ढंग से और कुशलतापूर्वक योजनाबद्ध, प्रबंधित और मॉनीटर करने के लिए। डिजिटाइज़ करने से आशा एवं संगिनी प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देरी और दोषों को कम करने तथा भुगतान की निगरानी के लिए सहायक होगी | आशा और आशा संगिनी प्रोत्साहन ई-सेवा वितरण प्लेटफार्म ब्लॉक प्रशासन के प्रदर्शन में सुधार करेगा और उत्तर प्रदेश में मॉडरेटर, साझा और एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जिससे संसाधन उपयोग को अधिकतम किया जा सके |

इस मार्गदर्शिका की मदद से आप बीसीपीएम एप्लीकेशन को विस्तार से समझ सकते है | आप सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन परिवार के सदस्य है और अपने अपने प्रखंड और जिलो में प्रभावी सेवा वितरण के लिए कार्य कर रहे है | आप प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने का हर संभव प्रयत्न कर रहे हैं, जिसमें गाँव स्तर पर आशा एवं क्लस्टर स्तर पर आशा संगिनी आपके साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही है | इन्हीं कोशिशों को और मजबूती प्रदान करने के लिए आशा एवं संगिनी भुगतान, मासिक प्रगति रिपोर्ट, तथा निगरानी (मोनिटरिंग) में डिजिटल तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है |

इस एप्लीकेशन की मदद से आप आशा और संगिनी प्रोत्साहन भुगतान प्रक्रिया एवं प्रखंड मासिक प्रगति रिपोर्ट को और भी सरलता एवं पारदर्शिता के साथ कर सकते सकेंगें | इस एप्लीकेशन में बीसीपीएम प्रोत्साहन भुगतान संबंधित डाटा (वाउचर) को दर्ज कर सकते है, एमओआईसी अनुमोदित कर सकते है तथा बीएएम भुगतान करने की जानकारी दर्ज कर सकते है | सभी जानकारियों को मासिक तौर पर भर सकते है | एकत्रित जानकारियों को यह एप्लीकेशन, रिपोर्टिंग फोर्मट्स में डैशबोर्ड के माध्यम से विश्लेषण करने के लिए ब्लाक, जिला एवं राज्य को उपलब्ध कराएगा |

# 1.प्रथम बार अपनी आईडी को कैसे पंजीकृत करें?




चरण 1

बीसीपीएम एप्लीकेशन को खोलें और दिए गए बॉक्स में अपनी आईडी दर्ज करें और “साइन इन्“ बटन को दबाएँ | एप्लीकेशन मार्गदर्शिका डाउनलोड करने के लिए “डाउनलोड मैन्युअल” बटन को दबाएँ|

चरण 2




मांगी गई जानकारियों को दर्ज करें | सही मोबाइल नंबर डालें और “गेट ओटीपी” बटन को दबाएँ | मोबाइल पर आये छह अंको के ओटीपी को भरें | अंत में “सबमिट” बटन को दबाएँ | आपकी आई डी पंजीकृत हो जायेगी |

ध्यान दें – एप्लीकेशन में प्रथम बार रजिस्ट्रेशन हेतु इन्टरनेट का चालू रहना आवश्यक है |

## 2. पासवर्ड भूल जाने की स्थिति में क्या करें?




चरण 1

पासवर्ड भूल जाने के स्थिति में आप “फॉरगेट पासवर्ड” बटन को दबाएँ | आपके सामने एक नया स्क्रीन आयेगा |

चरण 2




इस स्क्रीन में दिए गए बॉक्स में अपना आईडी और पंजीकृत मेल आईडी को दर्ज करें | “सेंड” बटन को दबाएँ |
पासवर्ड पंजीकृत मेल आईडी पर आ जाएगी |

ध्यान दें – अपना पासवर्ड पुनः प्राप्त करने के लिए इन्टरनेट का चालू रहना आवश्यक है |

# 3. मुख्य पृष्ठ (Home Page) को समझें







मुख्य पृष्ठ पर पहुँचने के बाद आप अपना कार्य शुरु कर सकते है |

अपना आईडी, नाम, ब्लाक का नाम एवं मोबाइल नंबर को मुख्य पृष्ठ के बांये कोने में देखें | मुख्य पृष्ठ पर आपके द्वारा भरी गई ब्लाक प्रोफाइल दिखेगी |

एप्लीकेशन में मौजूद सभी निम्न मॉड्यूल एक साथ देखने के लिए दायें कोने में बने “मेन्यू” बटन को दबाएँ |

- प्रोफाइल (बीसीपीएम, ब्लाक)
- इंसेंटिव (आशा वाउचर एंट्री, संगिनी वाउचर एंट्री, आशा इंसेंटिव रिपोर्ट, संगिनी इंसेंटिव रिपोर्ट )
- मंथली रिपोर्टस (ग्रिएवांस, सब सेंटर मीटिंग, आशा परफॉरमेंस मोनिटरिंग, बीसीपीएम फील्ड विजिट )
- अन्य (एप्लीकेशन के बारे में, पासवर्ड बदलें, डाउनलोड मैन्युअल, लॉगआउट, एप्लीकेशन वर्जन )

मुख्य स्क्रीन में ऊपर दाहिने ओर “सिंक” बटन को दबाने पर आप “डाटा सिंक स्टेटस “ देख एवं “सिंक” कर सकते है | इस स्क्रीन से आप “इंसेंटिव” और “मंथली रिपोर्ट” भाग में जा सकते है|

मुख्य स्क्रीन में ऊपर दाहिने ओर “बेल” आइकॉन को दबाने पर, आप अपने कार्य से संबंधित जरुरी सूचनाएं पा सकते है, जैसे – क्या एमओआईसी के द्वारा वाउचर अनुमोदित कर दिए गए हैं?, क्या बीएएम द्वारा पेमेंट कर दिया गया है ? इत्यादि |



# 4. प्रोफाइल एंट्री और अपडेट







## 4.1 बीसीपीएम प्रोफाइल




इस स्क्रीन में आपके द्वारा पंजीकरण के समय भरी गई जानकारी दिखाई देगी| दाहिने ओर "पेंसिल" आइकॉन को क्लिक करके आप इन जानकारियों को बदल सकते है | अंत में "अपडेट" बटन को दबाना ना भूलें | इसे दबाते ही आपकी जानकारी सुरक्षित हो जायेगी | ध्यान रखें आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का सही भरना आवश्यक है |

## 4.2 ब्लाक प्रोफाइल




लॉग इन करने और अपना प्रोफाइल भरने के बाद सबसे पहले अपने ब्लाक का प्रोफाइल भरें | बाद में कभी भी अपने ब्लाक प्रोफाइल को अपडेट करने के लिए दाहिने ओर पेंसिल के बटन को दबाएँ |

# 5. आशा और आशा संगिनी प्रोत्साहन राशि मॉड्यूल






## 6. बीसीपीएम द्वारा एप्लीकेशन में आशा एवं संगिनी वाउचर की एंट्री तथा प्रेषित कैसे करनी है?







अपने ब्लाक की आशाओं एवं संगिनिओं के वाउचर एंट्री करने के लिए आप 'एंट्री' बटन दबाएँ |
डाटा को एमओआईसी को अनुमोदन के लिए भेजने के लिए 'स्टेटस' बटन को दबाएँ |
आशाओं से संबंधित किसी भी महीने का प्रोत्साहन राशि को देखने के लिए 'रिपोर्ट' बटन को दबाएँ |







वाउचर की एंट्री करने के लिए निम्न क्रम है |

१. उपकेन्द्र चुनें (केवल आशा में)
२. गावं चुनें (केवल आशा में)
३. आशा/संगिनी चुनें
४. जिस मद में एंट्री करनी हो, उसे चुनें (केवल आशा में)
५. स्क्रीन पर आपको उस मद का ईकाई एंट्री स्टेटस दिखाई देगी
६. संबंधित मद में जानकारी भरें एवं सेव करें

जब आपका संबंधित मद में सभी आशाओं/संगिनियों की एंट्री हो जाये, तब आप मुख्य पेज के "स्टेटस" बटन को दबाएँ | आपके सामने सारांश स्क्रीन होगी, जिसमे आप संबंधित मद के सामने "स्टेटस" बटन को दबाकर डाटा को अनुमोदन के लिए एमओआईसी को भेज सकते है| ध्यान रखे, एक बार सबमिट होने के बाद, आप उस मद के डाटा को नहीं बदल सकते |

# 7. बीसीपीएम द्वारा एप्लीकेशन में आशा एवं संगिनी वाउचर की रिपोर्ट कैसे देखें?

15:45 64%

REPORTS

INCENTIVE REPORTS    STATUS REPORTS

Financial Year    2018-19

From April    To April    GO

| S.No | Incentive Head | ASHA Payment YES | ASHA Payment NO | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JSY | 1 | 170 | 900 |
| 2 | MDR | 1 | 170 | 400 |
| 3 | HRP | 0 | 171 | |
| 4 | Family Welfare | 1 | 170 | 700 |
| 5 | Immunization | 0 | 171 | |
| 6 | Child Health | 0 | 171 | |
| 7 | RKSK | 1 | 171 | 0 |
| 8 | RNTCP | 1 | 171 | 0 |
| 9 | Malaria | 0 | 171 | |
| 10 | Leprosy | 0 | 171 | |
| 11 | NIDDCP | 0 | 171 | |
| 12 | Kalajaar | 0 | 171 | |
| 13 | Lymphatic Filariasis | 0 | 171 | |
| 14 | Encephaltis | 0 | 171 | |
| 15 | Additional Payments | 1 | 170 | 1250 |
| 16 | AAA | 0 | 171 | |
| | TOTAL | 2 | 169 | 3250.0 |

चरण 1

बीसीपीएम अपने द्वारा सेव डाटा को कभी भी देख सकते है| इसके लिए आपको मुख्य पेज के "रिपोर्ट" बटन को दबाना है | अगले स्क्रीन में आपको "साल" और "महीनो" का चयन करना है और "गो " बटन को दबाना है | आपके सामने स्क्रीन पर संबंधित अवधि की जानकारी आ जाएगी |

SubCenter [Select Here...]    JSY NOT INITIATED    CLOSE

Month: April    Financial Year: 2018-19

Search by Name/Aadhaar Number

Total Results 198 out of 201

| S.No | ASHA | Aadhaar | SubCenter | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NISHA GUPTA | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 2 | Sanju | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 3 | MINA SHARMA | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 4 | Madhari Mishra | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 5 | KIRAN TIWARI | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 6 | ANITA TIWARI | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 7 | Mithilesh Rai | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 8 | Sonmati | [redacted] | Bahpur | 0 ₹ |
| 9 | SANDGYA SHRIWASTAVA | [redacted] | Banwarpar | 0 ₹ |
| 10 | VANDANA DEVI | [redacted] | Banwarpar | 0 ₹ |

चरण 2

SubCenter ALL    JSY INITIATED    CLOSE

Month: April    Financial Year: 2018-19

Search by Name/Aadhaar Number

Total Results 2 out of 201

| S.No | ASHA | Aadhaar | SubCenter | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Rekha Mishra | [redacted] | Bewri | 900.0 ₹ |

बीसीपीएम अपने द्वारा सेव डाटा को आशा और संगिनी वार रिपोर्ट कभी भी देख सकते है| इसके लिए आपको रिपोर्ट के मुख्य पेज आशा या संगिनी संख्या को दबाना है | आपके सामने स्क्रीन पर संबंधित आशा या संगिनी की चयनित अवधि की जानकारी आ जाएगी |

# 8. बीसीपीएम मासिक रिपोर्ट प्रणाली




एप्लीकेशन में मौजूद निम्न मासिक रिपोर्टिंग प्रारूप देखने के लिए दायें कोने में बने "मेन्यू" बटन को दबाएँ और "मंथली रिपोर्ट" बटन को चुनें या मुख्य पृष्ठ पर "बीसीपीएम एमआईएस" बटन को दबाएँ|

- आशा ग्रिएवांस
- सब सेंटर मीटिंग
- आशा परफॉरमेंस
- बीसीपीएम फील्ड विजिट

इस भाग में बीसीपीएम अपने ब्लाक की मासिक प्रगति अंकित करेंगे | जानकारी दर्ज करने के बाद डाटा को सेव करना ना भूलें |

## 9. एमओआईसी द्वारा वेब एप्लीकेशन में सत्यापन की प्रक्रिया




बीसीपीएम द्वारा सबमिट की गई डाटा (आशा और संगिनी प्रोत्साहन) राशि को एमओआईसी  द्वारा सत्यापित किये जाने के बाद बीएएम, जिला और राज्य  के उपयोगकर्ता डाटा देख पाएंगे |
सत्यापन के लिए एमओआईसी अपने लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके वेब एप्लीकेशन के अंदर जायेंगे और "अप्रोवल" बटन को क्लिक करेंगे | सभी मद स्क्रीन में दिख जायेंगे | संबंधित मद को क्लिक करके एमओआईसी आशा या संगिनी का दर्ज राशि देख सकते है | ऊपर दिए गए "अप्प्रोव" या "रिजेक्ट" बटन को दबा कर बीएमएम या बीसीपीएम को अधिसूचना भेजेंगे |

## 10. बीएएम द्वारा वेब एप्लीकेशन में सत्यापन की प्रक्रिया




एमओआईसी  द्वारा सत्यापित किये जाने के बाद बीएएम अपने प्लेटफार्म में लॉग इन करके निर्धारित मद के डाटा को देख व उसे डाउनलोड करके पीऍफ़एमएस पोर्टल पर दर्ज कर सकते है | आशा एवं संगिनी को भुगतान के बाद बीएएम "पेमेंट डन" बटन पर क्लिक करेंगे |

# 11. एप्लीकेशन से बाहर कैसे निकलें




बीसीपीएम एप्लीकेशन में काम पूरा होने के बाद एप्लीकेशन से बाहर निकलने के लिए टेबलेट के "बैक" बटन को दबाये या दाहिने तरफ "मेनू" बटन को दबा कर "लॉगआउट" आप्शन को दबाये | स्क्रीन पर एक अलर्ट संदेश दिखाई देगा, जिसमे "हाँ" और "ना" दो बटन दियें है | "हाँ" बटन को दबाएँ | आप एप्लीकेशन के लॉग इन पेज पर आ जायेंगे | यदि गलती से टेबलेट का "बेक" बटन दब गया है तो "नहीं" बटन को दबाये |

1. एप्लीकेशन में काम समाप्त करने होने के बाद लॉगआउट करना सुनिश्चित करें |
2. एंट्री के बाद "सेव" बटन दबाना न भूलें |
3. पूरे माह का आशा और संगिनी प्रोत्साहन राशि वाउचर एंट्री के बाद "सबमिट" बटन दबाना न भूलें | इससे आपका डाटा सत्यापन के लिए एमओआईसी के पास प्रेषित हो जाएगा |
4. एक बार डाटा सबमिट होने के बाद आप डाटा नही बदल सकते |
5. अगर एमओआईसी द्वारा किसी मद को "रिजेक्ट" किया गया तो आपको टेबलेट में नोटिस मिलेगा | जिसके बाद आपको डाटा को सही करने के बाद आपको उस मद को पुनः सबमिट करना होगा |
6. जब तक आपके वर्तमान माह के सारे मद अनुमोदित/भुगतान हो गया की स्थिति में न पहुँच जाये, आप आगले माह का कार्य टेबलेट में शुरु नहीं कर सकते |
7. एमओआईसी, बीएएम, जिला और राज्य स्तर के लिए वेब एप्लीकेशन मौजूद है |
8. टेबलेट में काम शुरु करने से पहले टेबलेट की बैटरी को पूरा चार्ज रखें |
9. अपने टेबलेट की मेमोरी को खाली रखें |
10. टेबलेट को वायरस से बचा कर रखें |

# 12. वेब एप्लीकेशन में किसी भी रिपोर्ट को देखने हेतु निर्देश

सबसे पहले आप जिस विषय से संबंधित रिपोर्ट देखना चाहते हैं, स्क्रीन के बाएं तरफ उल्लेखित रिपोर्टों की सूची में से उसे चुनें। ऐसा करने पर दाई तरफ आपको निम्न अनुभाग दिखाई देंगे जिनको आप उल्लेखित क्रम में ही चुनें।




**क्षेत्र का चयन** – इस अनुभाग की मदद से आप जिस भी राज्य, जिला, ब्लाक या उपकेन्द्र की रिपोर्ट देखना चाहते है | उसे चुन सकते हैं। राज्य स्तर के लॉग इन में डिफॉल्ट रूप से सभी राज्य "All" चयनित रहता है, परन्तु आप इसे अपनी जरूरत के हिसाब से बदल सकते हैं। किसी एक राज्य को चुनने के बाद आप उसके जिले, उनके ब्लॉक तथा उपकेन्द्र का भी चयन करें। ध्यान रखे की चयन आपके लॉग इन से निर्धारित होंगे |




**रिपोर्ट की अवधि का चयन** – आप जिस समयावधि की रिपोर्ट देखना चाहते है उसका चयन आसानी से कर सकते है | इसके लिए आपको सबसे पहले वित्तीय वर्ष का चयन करना होगा और उसके बाद जिस माह से जिस माह तक की रिपोर्ट देखना चाहते है, उन महीनों का चयन करें |

**अन्य महत्वपूर्ण बातें** –

1. प्रोत्साहन राशी भुगतान रिपोर्ट – इस स्क्रीन में आपको वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह एवं मद वार भुगतान की गई राशी एवं कार्यकर्ताओं की संख्या दिखाई देगी | किसी भी एक मद को चुनने के बाद आपको उस रिपोर्ट की पूरी जानकारी दिखाई देगी |
2. एक्सेल डाउनलोड – सभी रिपोर्टस में आपको "एक्सेल डाउनलोड" बटन दिखाई देगा, जिसे क्लिक करके आप एक्सेल फाइल डाउनलोड कर सकते है | 

3. लॉगआउट – डैशबोर्ड के इस्तेमाल के बाद लॉगआउट करना ना भूलें | लॉगआउट करने के लिए कृपया स्क्रीन के उपरी दाई तरफ दिए गए 'लॉगआउट' बटन का इस्तेमाल करें।
4. पासवर्ड बदलें – आप अपने डिफ़ॉल्ट पासवर्ड को बदलने के लिए उपर दाई तरफ दिए गए 'चेंज पासवर्ड' बटन का इस्तेमाल करें |
5. डाटा सिंक – किये गए कार्य को सेव करने के बाद सिंक करना ना भूलें | इससे आपका डाटा सुरक्षित रहता है तथा आगे प्रेषित होता है |

NATIONAL HEALTH MISSION

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन